SUNDAY | 14.10.2018

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

बरेली

Page No : 11 Middle

चैंपियनशिप के मैच में बॉलर ने बल्लेबाज को क्लीन बोल्ड कर दिया।

विद्याभवन और मानस स्थली सेमीफाइनल में

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप में शनिवार को विद्याभवन और मानस स्थली ने अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले मुकाबले में मानस स्थली ने निर्धारित बीस ओवर में एक विकेट खोकर 117 रन बनाए। शेख मोहसिन ने सर्वाधिक 33 और हर्ष ने 32 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेक्रेड हार्ट्स की टीम बीस ओवर में 113 रन बना सकी और मैच महज 4 रन से हार झेलनी पड़ी। शेख मोहसिन ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 13 रन देकर चार विकेट चटकाए। मोहसिन को मेन ऑफ दि मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए रोटरी स्कूल महज 21 रन पर आल आउट हो गया। विद्याभवन के अश्वनी ने चार ओवर में एक रन देकर पांच विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्याभवन की टीम ने बिना विकेट खोए दो ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। अमन ने 12 और श्रेय ने सात रन बनाए। **ब्यूरो**